राज एक्सप्रेस

इंदौर, गुरुवार, 1 नवंबर 2007

प्लेसमेंट में भाग लेने पहुंचे शहर के कॉलेजों के स्टूडेंट्स।

चालीस स्टूडेंट्स सिलेक्ट

इंदौर। पायोनियर इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज में शेयर मार्केट की अग्रणी कंपनी कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग के कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया गया। इसमें 15 कॉलेजों के एमबीए स्टूडेंट्स ने भाग लिया। कंपनी ने 40 स्टूडेंट्स को दो लाख के पैकेज पर सिलेक्ट किया। इस बारे में कॉलेज के प्लेसमेंट अधिकारी वेद अस्थाना ने बताया कि प्लेसमेंट में कॉलेज के अलावा एलएनसीटी, संघवी, मेडीकेप्स, एक्रोपॉलिस व महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्वी स्टॉक ब्रोकिंग के एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट आशुतोष त्रिपाठी ने मार्केटिंग एक्जिक्यूटिव की पोस्ट के लिए स्टूडेंट्स का सिलेक्शन ग्रुप डिस्कशन व इंटरव्यू द्वारा किया। सिलेक्ट होने वाले स्टूडेंट्स को कॉलेज के चेअरमैन प्रो. पीके जैन ने शुभकामनाएं दीं।